**Terms of Reference**

**Consultant- Community Processes/ Comprehensive Primary Health Care (CP/CPHC)**

---

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) has been set up under the National Health Mission (NHM) as an autonomous registered society, to provide technical assistance to Ministry of Health and Family Wellfare and capacity building and technical support to the States/UTs for strengthening the public health system. NHSRC is also mandated to contribute towards National strategic health planning and programme design. NHSRC intends recruiting Consultants for its Community Processes/Comprehensive Primary Health Care Division, purely on a contractual basis.

If you have a commitment to health equity and excellence, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the public health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening primary health systems, improving health service delivery and enabling positive health outcomes, through hands on implementation assistance at national, state and district levels. Working with NHSRC's trans disciplinary team, you can discover, adapt, co-create and test solutions to multiple challenges related to service delivery systems, primary health care, human resources for health, community processes, health financing, quality of care, public health planning and health promotion.

This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, learn from district and sub district implementation, undertake knowledge translation, and enable realization of the vision of universal health coverage.

**Consultant, CP/CPHC division, NHSRC**:

The CP/CPHC Division is looking for young and dynamic public health professionals who are motivated to undertake public health services. The applicant must be proactive and self-accountable with a strong work ethic and ability to work with minimum supervision and deliver within tight deadlines. The applicant should be passionate about strengthening public health services with a vision of making good quality public health care services available and accessible to the most underserved and marginalized populations; and must have the zeal to continuously and strategically work towards realization of that vision.

The selected candidate will have the unparalleled opportunity to work at a dynamic platform with the States and Districts and other stakeholders. The work will provide an enriching experience in understanding the public health challenges at various levels and developing and implementing strategies for problem solving.

**Opportunity to join the Division:** NHSRC seeks to recruit 'Consultant(s)' purely on contractual basis to extend his or her support to the CP-CPHC division of NHSRC. The Consultant will work under the supervision of Senior Consultant-CP-CPHC, and under the overall guidance of Advisor, CP-CPHC.

**Roles & Responsibilities:**

Direct support to selected states as allocated, for implementation of Community Processes (CP) and Comprehensive Primary Health Care (CPHC) programme.

Key functions include:

- Support States/UTs in translation of policy into programme, adapting to varying contexts related to Community Processes including training of PRI & ULB members
- Support States in operationalisation, training and performance monitoring of Jan Arogya Samitis (JAS) at AB-HWC, Rogi Kalyan Samitis (RKS) at CHC/SDH and District Hospitals, Village Health Sanitation and Nutrition Committees (VHNCs) in Villages and Mahila Arogya Samitis (MAS) or any community based platform in Urban areas.
- Provide hands on, field-based support at State and District levels for training, performance monitoring, and strengthening support structures for improving performance of Primary Health Care teams and AB-HWCs
- Support the process of development of IT tools for delivery and performance tracking of CP-CPHC, and its optimal usage by primary health care teams
- Support assessment, documentation and aid scale up of State and district level innovations in CP-CPHC
- Support states in planning and implementing inter-sectoral coordination/convergence for better health outcomes
- Undertake periodic field visits to States and Districts to review CP-CPHC programme implementation in the States, identify implementation challenges and support States in charting appropriate solutions
- Enable linkages with appropriate public health/research/academic/technical/support institutions for technical support on CP-CPHC for the State, as required
- Undertake analytical documentation of the field visits to inform required changes in policy, program planning and implementation
- Contribute to development of specific operational guidelines for health services and health facilities; technical and policy briefs; training material, reports, case studies, monitoring checklists etc
- Engage in undertaking operational research and impact assessments for improving design and roll out of CP-CPHC interventions.
- Undertake such other assignments, which may be assigned from time to time by the immediate supervisor and/or Advisor-Community Processes-Comprehensive Primary Health Care

**Qualification & Experience:**

***Essential:***

- Possess an MBBS / BDS/Nursing with a post graduate degree or diploma in Community Medicine/ Community Health/ Hospital Administration/ Health Administration/Public Health/Epidemiology/ IT/Communications
- Have at least three year of post-qualification experience in implementation of health programmes, including community health
- Experience in direct implementation of health service delivery programmes through government, NGOs or Regional Resource Centres is preferrred.
- Experience in one or all of the following: documentation, data analysis, and training.
- Excellent communication skills, presentation skills, and interpersonal abilities.
- Excellent oral and written communication skills in English.
- To be able to meet stringent guidelines at short notices and operate in an evolving environment

- Willingness to travel to states & districts to collect technical information and ability to subsequently synthesize information into research evidence.

***Desirable:***

- Working knowledge of Hindi / other major regional language
- Demonstrated ability to work in a multi-disciplinary team environment.
- Demonstrated experience in working with NGO led Primary Health Care/Community Health Worker programs/state level public health programmes.

**Age Limit:** Up to 40 Years (as on the date of receiving the application)

**Work Location:** New Delhi; Involves travel to states and districts. Opportunity to gain hands on experience of public health canvas of states and districts.

**Remuneration Range:** Between Rs. 60,000/- to Rs. 1,20,000/-

*Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience.

**Other Benefits:** In addition to the renumeration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance, Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract:** 2 years with further extensions of similar duration (subject to satisfactory performance)

Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at an appropriate level.

**How to apply:** Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. Last date for receiving applications is **2nd May 2023.**

## संदर्भ शर्तें (टीओआर)

## कनसल्टेंट– सामुदायिक प्रक्रियाएं / व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपी/सीपीसीएचसी)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत स्वायत्त पंजीकृत संस्था के रूप में की गई है ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को तकनीकी सहायता और क्षमता निर्माण और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को तकनीकी समर्थन उपलब्ध कराया जा सके। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी जनादेश प्राप्त है। एनएचएसआरसी विशुद्ध रूप से अनुबंध आधार पर अपनी सामुदायिक प्रक्रियाओं/व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रभाग के लिए कनसल्टेंट की भर्ती करने का इच्छुक है।

यदि आप स्वास्थ्य निष्पक्षता और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं तो यह भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध टीम के साथ कार्य करने का अनूठा अवसर है। यह पद आपको स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवा वितरण में सुधार और राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तरों पर कार्यान्वयन सहायता के बारे में अनुभव के माध्यम से सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त करने की प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर उपलब्ध कराता है। विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले दल के साथ कार्य करके आप सेवा वितरण प्रणाली, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता, सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य संवर्द्धन संबंधी अनेक चुनौतियों के समाधान खोजने, अपनाने, सह–सर्जन और प्रचार–प्रसार कर सकते हैं।

यह जिला और उप–जिला स्तरीय कार्यान्वयन से सीखने, ज्ञान के आदान–प्रदान और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के सपने को साकार करने में समर्थ होने के जरिए स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए समर्थन उपलब्ध कराने का अवसर है।

### कनसल्टेंट, सीपी/सीपीसीएचसी प्रभाग, एनएचएसआरसी

सीपी/सीपीसीएचसी प्रभाग युवा और गतिशील सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों की तलाश कर रहा है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को शुरू करने के लिए प्रेरित हों। आवेदक को मजबूत कार्य नैतिकता और न्यूनतम पर्यवेक्षण के साथ काम करने की क्षमता और सख्त समय सीमा के भीतर काम करने की क्षमता के साथ सक्रिय और स्वयं के प्रति उत्तरदायी होना चाहिए। आवेदक को सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए अच्छी गुणवत्ता वाली सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं को उपलब्ध कराने और सर्वाधिक वंचित और सीमांत जनसंख्या के लिए सुलभ बनाने की दृष्टि से भावुक होना चाहिए; और उस दृष्टि को साकार करने की दिशा में लगातार और रणनीतिक रूप से काम करने का उत्साह होना चाहिए।

चयनित उम्मीदवार के पास राज्यों एवं जिलों और अन्य हितधारकों के साथ गतिशील मंच पर काम करने का अनूठा अवसर होगा। यह कार्य विभिन्न स्तरों पर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों को समझने और समस्या समाधान के लिए रणनीतियों को विकसित करने और लागू करने में समृद्ध अनुभव प्रदान करेगा।

**प्रभाग में शामिल होने का अवसरः**एनएचएसआरसी के सीपी–सीपीएचसी प्रभाग को अपना समर्थन देने के लिए एनएचएसआरसी विशुद्ध रूप से अनुबंध के आधार पर कनसल्टेंट की भर्ती करना चाहता है। कनसल्टेंट, सीनियर कनसल्टेंट –सीपी–सीपीएचसी की देखरेख में और सलाहकार, सीपी–सीपीएचसी के समग्र मार्गदर्शन में काम करेगा।

### भूमिकाएं और उत्तरदायित्वः

सामुदायिक प्रक्रियाओं (सीपी) और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपीएचसी) कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए आवंटित चयनित राज्यों को प्रत्यक्ष समर्थन।

मुख्य कार्यों में शामिल हैंः

• पीआरआई और यूएलबी सदस्यों के प्रशिक्षण सहित सामुदायिक प्रक्रियाओं से संबंधित अलग–अलग संदर्भों को अपनाते हुए नीति को कार्यक्रम में बदलने में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की सहायता करना

• एबी–एचडब्ल्यूसी में जन आरोग्य समितियों (जेएएस), सीएचसी/एसडीएच में रोगी कल्याण समितियों (आरकेएस) और जिला अस्पतालों और गांवों में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण समितियों (वीएचएनसी) और महिला आरोग्य समितियों ...एमएएस| या शहरी क्षेत्रों में कोई समुदाय आधारित मंच के संचालन, प्रशिक्षण और कार्य प्रदर्शन की निगरानी में राज्यों की सहायता करना समितियां

- प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल टीमों और एबी–एचडब्ल्यूसी के कार्य प्रदर्शन में सुधार के लिए प्रशिक्षण, कार्य प्रदर्शन की निगरानी और समर्थन संरचनाओं को मजबूत करने के लिए राज्य और जिला स्तरों पर फील्ड–आधारित सहायता प्रदान करना
- सीपी–सीपीएचसी के वितरण और कार्य प्रदर्शन की निगरानी के लिए आईटी उपकरणों के विकास की प्रक्रिया का समर्थन करना, और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल टीमों द्वारा इसका इष्टतम उपयोग करना
- सीपी–सीपीएचसी में राज्य और जिला स्तर के नवाचारों का समर्थन मूल्यांकन, प्रलेखन और सहायता उन्नयन
- बेहतर स्वास्थ्य परिणामों के लिए अंतर–क्षेत्रीय समन्वय/अभिसरण की योजना बनाने और उसे लागू करने में राज्यों की सहायता करना
- राज्यों में सीपी–सीपीएचसी कार्यक्रम के कार्यान्वयन की समीक्षा करने, कार्यान्वयन चुनौतियों की पहचान करने और उपयुक्त समाधान निकालने में राज्यों की सहायता करने के लिए राज्यों और जिलों की समय–समय पर क्षेत्र यात्रा करना
- आवश्यकतानुसार राज्य के लिए सीपी–सीपीएचसी पर तकनीकी सहायता के लिए उपयुक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य/अनुसंधान/अकादमिक/तकनीकी/सहायता संस्थानों के साथ जुड़ाव को सक्षम करना
- नीति, कार्यक्रम नियोजन और कार्यान्वयन में आवश्यक परिवर्तनों की सूचना देने के लिए क्षेत्र यात्राओं का विश्लेषणात्मक दस्तावेज तैयार करना
- स्वास्थ्य सेवाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं तकनीकी और नीति सार; प्रशिक्षण सामग्री, रिपोर्ट, केस स्टडी, मॉनिटरिंग चेकलिस्ट आदि के लिए विशिष्ट परिचालन दिशानिर्देशों के विकास में योगदान
- सीपी–सीपीएचसी हस्तक्षेपों के डिजाइन और रोल आउट में सुधार के लिए परिचालन अनुसंधान और प्रभाव आकलन करने में संलग्न रहना
- ऐसे अन्य कार्य करना जो तत्काल पर्यवेक्षक और/या सलाहकार–सामुदायिक प्रक्रियाएं–व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल द्वारा समय–समय पर सौंपे जा सकते हैं

**शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव :**

1. अनिवार्य :

- एमबीबीएस/बीडीएस/ नर्सिंग के साथ सामुदायिक मेडिसिन/सामुदायिक स्वास्थ्य/अस्पताल प्रशासन/स्वास्थ्य प्रशासन/सार्वजनिक स्वास्थ्य/महामारीविज्ञान/आईटी/संचार में स्नातकोत्तर डिग्री या डिप्लोमा
- शैक्षिक योग्यता के पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य सहित स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव
- सरकार, एनजीओ या विकास भागीदारों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा वितरण कार्यक्रमों के प्रत्यक्ष कार्यान्वयन में अनुभव
- निम्नलिखित में से एक या सभी में अनुभव : प्रलेखन, आंकड़ों का विश्लेषण और प्रशिक्षण
- उत्कृष्ट संचार कौशल, प्रस्तुति कौशल तथा अंतरवैयक्तिक क्षमताएं
- अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लेखन संचार कौशल
- लघु नोटिस पर सख्त दिशानिर्देशों में कार्य सम्पन्न करने में बदलते वातावरण में संचालन में सक्षम

- तकनीकी जानकारी एकत्र करने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और उसके बाद जानकारी को अनुसंधान प्रमाण में संश्लेषित करने की क्षमता

  **2. वांछनीयः**

- हिंदी/अन्य प्रमुख क्षेत्रीय भाषा का कार्यसाधक ज्ञान
- बहु–विषयी टीम वातावरण में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता
- एनजीओ के नेतृत्व में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल/सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता कार्यक्रमों/राज्य स्तरीय सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के साथ कार्य करने में प्रदर्शित अनुभव

**आयु सीमा** : 40 वर्ष तक (आवेदन प्राप्त होने की तिथि को )

**कार्य का स्थान** : नई दिल्ली, राज्यों और जिलों की यात्रा शामिल। राज्यों और जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य में कार्य करने के अनुभव का अवसर

**परिलब्धि की सीमा** : रु. 60,000/– से रु. 1,20,000/– के बीच

**इस बैंड में प्रस्तावित फीस योग्यता और अनुभव के समानुपातिक होगी।**

**अन्य लाभ** : उपर्युक्त उल्लेखित परिलब्धि के अतिरिक्त, एनएचएसआरसी के कनसल्टेंट निःशुल्क दुर्घटना बीमा, सब्सिडीयुक्त चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल की प्रतिपूर्ति, लैपटोप प्रतिपूर्ति (एनएचएसआरसी की नीति के अनुसार), भारत सरकार की नीति के अनुसार 30 दिन का समेकित अवकाश, पूर्णतः सवेतन मातृत्व अवकाश (महिला कनसल्टेंट के लिए), कार्य प्रदर्शन से जुड़ी वेतन वृद्धि, टीए / डीए और ड्यूटी के दौरान यात्रा के लिए प्रतिदिन

**अनुबंध की अवधि** : 2 वर्ष के साथ समान अवधि का विस्तार (संतोषजनक कार्य प्रदर्शन के विषयाधीन)

इस साक्षात्कार में चुने गए उम्मीदवारों पर अपेक्षित समान कौशलों के अनुसार और समुचित स्तर पर एनएचएसआरसी में अन्य रिक्त पदों के लिए विचार किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें** : उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन सही तरह से भरने का आग्रह किया जाता है जो एनएचएसआरसी की वैबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में होने पर ही स्वीकार किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **2 मई, 2023** है।